हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा दिनांक 21.06.2017 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र में 193 सदस्यों द्वारा 21 जून को " अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" को मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली । भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के इस प्रस्ताव को 90 दिन के अंदर पूर्ण बहुमत से पारित किया गया , जो संयुक्त राष्ट्र संघ में किसी दिवस प्रस्ताव के लिए सबसे कम समय माना जाता है। पहली बार यह दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया । उसके बाद 21 जून को प्रतिवर्ष पूरे विश्व में योग दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस कड़ी में हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा विश्व योग दिवस 2017 का आयोजन राज्य कृषि प्रबंधन और विस्तार प्रशिक्षण संस्थान, मशोबरा, शिमला, हिमाचल प्रदेश में किया गया, जिसमें देश के भिन्न-भिन्न राज्यों से आवश्यक प्रशिक्षण हेतु आये भारतीय वन सेवा के अधिकारियों के साथ-साथ हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। योगाभ्यास श्री जगदीश टानटा, योग शिक्षक, राष्ट्रीय विद्या केंद्र, शिमला तथा उनके साथ आये दो विद्यार्थियों के मागदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम के अंत में श्री प्रदीप भारद्वाज, विस्तार अधिकारी , हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने योग शिक्षक तथा उनके साथ आये विद्यार्थियों, प्रशिक्षण प्राप्त करने आये भारतीय वन सेवा के अधिकारियों, संस्थान के निदेशक, वैज्ञानिकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों का धन्यवाद व्यक्त किया।

	

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
21 जून 2017
हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
21 जून 2017
SAMETI H.P